1 korba-pg1_Layout 1 7/2/2024 12:28 AM Page 1

हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 2 जुलाई 2024
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 रातभर हुई बारिश से नदी-नालों में बाढ़, आवासीय परिसरों में घुसा पानी



# शहर में एक ऐसा स्कूल जहां एक कमरे में ही स्टाफ रुम के साथ लगती हैं पांच कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहरी क्षेत्र में एक ऐसा स्कूल है जहां एक ही कमरे में स्टॉफ रुम संचालित होता है और उसी कमरे में पहली से पांचवीं तक की कक्षाएं लगती हैं जिसमें बच्चों को बारी बारी से शिक्षक पढ़ाते हैं। जिला मुख्यालय में चलने वाले इस स्कूल की तस्वीर न तो नवा जतन की राशि बदल सकी और न ही करोड़ों रुपए के डीएमएफ फंड से इसका स्वरुप बदला जा सका।

अलग खबर

ग्रामीण अंचलों के स्कूलों को लेकर हमेशा मामले सामने आते रहते हैं लेकिन जिला मुख्यालय में ही कई ऐसे स्कूल हैं जिनकी स्थिति ग्रामीण अंचलों के स्कूलों से कम नहीं है। ऐसे ही एक स्कूल बालको उपनगरीय क्षेत्र के वार्ड 36 में संचालित रिस्दा प्राथमिक शाला है जिसकी स्थिति प्राथमिक स्कूलों से भी बदहाल मानी जा र ही है। जब भी कोई व्यक्ति स्कूल की जानकारी लेना पहुंचते हैं तो शिक्षक यह मानकर चलते हैं कि निगम से स्कूल का जायजा लेने आए हैं और अब स्कूल की तस्वीर बदली जाएगी। ऐसा होते दो वर्ष का समय बीत चुका है किंतु अधिकारी स्तर के लोग स्कूल की स्थिति देखने नहीं पहुंचे। चाहे विकासखंड शिक्षा अधिकारी हो या फिर विकासखंड ⏭ शेष पेज 3 पर

### मामला कोरबा विकासखंड के रिस्दा प्राथमिक शाला का

**खास बात**
- नवा जतन और डीएमएफ की राशि भी नहीं बदल सकी स्कूल की तस्वीर



### पुराना स्कूल भवन जर्जर

स्कूल का पुराना भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। उसकी जगह नया भवन की आवश्यकता महसूस हो रही है लेकिन नया भवन का प्रस्ताव भी विभाग के पास लंबित पड़ा हुआ है और अब उक्त भवन में स्कूल के पुराने सामानों को रखने का गोदाम बना दिया गया है। मध्यान्ह भोजन कक्ष भी जर्जर होने के कारण भी बरसते पानी के बीच इसी जर्जर भवन में बच्चों का मध्यान्ह भोजन बनता है और जहां बच्चे बैठकर पढ़ाई करते हैं मध्यान्ह भोजन वहीं करते हैं।

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें:- 7400009183

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

## खबर संक्षेप

### प्रदेश के अवार्डी शिक्षकों की बैठक 7 को

**हरदीबाजार।** प्रदेश के राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत उत्कृष्ट शिक्षकों को मध्य प्रदेश के समान आउट और टर्न प्रमोशन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ के राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी शिक्षकों की 7 जुलाई को 12:30 बजे रायपुर में सभा का आयोजन रखा गया है। जिसमें पूरे छत्तीसगढ के राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी शिक्षको की शामिल होंगे है। बैठक में दो सूत्रीय मांग राज्यपाल एवं राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षको को पारी बाहर (आउट ऑफ टर्न) पदोन्नति एवं राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों की सेवानिवृत्ति तिथि दो वर्ष की बढ़ोतरी की मांग पर चर्चा की जाएगी।

### आंबा कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदों पर दावा-आपत्ति 7 तक

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1 एवं सहायिका के 7 रिक्त पदों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे जिसकी जांच एवं परीक्षण उपरांत अनन्तिम मूल्यांकन पत्रक जारी कर दिया गया है। जिसे परियोजना कार्यालय तथा नगर पालिका, ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त मूल्यांकन पत्रक संबंधित वार्ड, ग्राम के पार्षदगणों, ग्राम पंचायत के सरपंच को एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में भी उपलब्ध कराए गए हैं। जारी मूल्यांकन पत्रक पर दावा आपत्ति आमंत्रित की गई है, जिसकी अंतिम तिथि 7 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदिकाएं कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10 बजे से 5.30 बजे तक परियोजना कार्यालय में दावा आपत्ति जमा कर सकते हैं।

### राख की समस्या से मुक्ति दिलाने बैठक आज

**कोरबा।** उर्जाधानी के ताप सयंत्रो से उत्सर्जित राख की समस्या से मुक्ति दिलाने एक समिति का गठन किया जा रहा है। जिसके संबंध में दर्री प्रेस क्लब की 2 जुलाई को 5 बजे बैठक आयोजित की गई है। कमेटी शहर के समस्याओं को आंदोलन के माध्यम से आमजन की आवाज बनकर शासन-प्रशासन तक पहुंचाएगी। ज्ञात हो कि शहर में राख प्रदूषण सहित कई समस्याएं समय के साथ बढ़ती जा रही है। इन समस्याओं से शहर को मुक्त करने दर्री प्रेस क्लब में एक समिति का गठन किया जाएगा। इस सबन्ध में यूथ आइकॉन अनिल द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश की सरकार पूर्ववर्तीय सरकार की शैली में काम करते हुए राख परिवहनकर्ताओं को संरक्षण दे रही है। जिसकी वजह से राख ट्रांसपोर्ट आम आदमी के जीवन से खिलवाड़ करते हुये सरकारी सड़क पर किनारे की जमीन में राख पाट रही है। जिसका लाभ उठाते हुए जमीन दलाल सड़को की जमीन को कब्जा कर ऊंचे दाम में बेच रहे हैं। शहरवासियों को इन समस्याओं से मुक्ति दिलाने एक संगठन का गठन किया जाएगा।

### 91 हजार हेक्टेयर रकबे में धान की फसल का लक्ष्य

# झमाझम बारिश से खेती ने पकड़ी रफ्तार धान और मक्के की फसल की बोनी शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानसून के देरी से आने की आशंका को पिछले तीन दिन की बारिश ने गलत साबित कर दिया। पिछड़ रही खेती ने रफ्तार पकड़ने के साथ फसलों की बोआई भी शुरु कर दी है। इस वर्ष 91095 हेक्टेयर में धान की फसल लेने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं 10 हजार 640 हेक्टेयर में मक्के की फसल लेने का लक्ष्य लेकर किसानों ने बोआई शुरु कर दी है। धान और मक्के के अलावा दलहन और तिलहन की पैदावार लेने हेतु लक्ष्य रखा गया है।

**खास बात**
- 10 हजार 640 हेक्टेयर में ली जाएगी मक्के की फसल

तीन दिन की बारिश से मानसून को लेकर किसानों में छाए आशंका के बादल बारिश के बादलों के बरसने के साथ ही छट गए। कृषि विभाग के द्वारा बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष सभी फसलों के लक्ष्य को बढ़ाया है। धान की फसल बीते वर्ष 90 हजार 546 हेक्टेयर में ली गई थी। वहीं इस वर्ष यह आंकड़ा 91095 हेक्टेयर बढ़ा कर रखा गया है और अब तक 21 हजार 808 हेक्टेयर में बोआई हो चुकी है। हालांकि मानसून की देरी की वजह से धान की बोआई पिछले वर्ष की अपेक्षा पिछड़ी जरुर है किंतु बारिश को लेकर पिछड़े के दौर को पूरा किया जा सकता है। ऐसा कृषि विभाग के अधिकारियों का मानना है। लगातार हो रही बारिश से अच्छी फसल की उम्मीद किसानों के साथ विभागों को बनी हुई है। धान के साथ साथ मक्के के फसल को लेकर किसानों को जागरुक किया गया है। किंतु उसके बावजूद बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष मक्के के फसल लेने का लक्ष्य कम रखा गया है। इसके पीछे किसानों के द्वारा मक्के की फसल लेने में रुचि लेना नहीं बताया जा रहा है। अनाज की फसलों में कोदो, कुटकी, रागी के फसल का आंकड़ा बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष बढ़ा है। नगदी और अधिक दामों में मार्केट में बिकने के कारण मांग भी बढ़ी है। इसे दृष्टिगत रखते हए इस बार ये तीनों फसल पिछले लक्ष्य से अधिक बढ़ी हुई है।



रोपा लगाते किसान।

### सब्जी उत्पादन का नहीं बढ़ा लक्ष्य

बीते वर्ष 15 हजार 589 हेक्टेयर में सब्जी उत्पादन व अन्य फसल लेने का लक्ष्य रखा गया था। इस वर्ष यह लक्ष्य 15 हजार 460 हेक्टेयर में सिमट गया है और अब तक 9.5 हेक्टेयर में ही उत्पादन के लिए सब्जियां लगाई गई है। लक्ष्य कम होने के कारण यह बताया गया है कि सरकार के द्वारा धान का समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने से किसान अब धान की फसल लेने के प्रति ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं। स्थिति यह है कि पड़त भूमि में भी किसान फसल ले रहे हैं। सिंचाई के साधन बढ़ने के कारण भी किसानों का रुझान धान की फसल की ओर बढ़ा है।

### 16 हजार 238 क्विंटल बीज का हुआ वितरण

खेती की तैयारियों को लेकर किसानों को 20 हजार 420 क्विंटल बीज वितरण करने का लक्ष्य रखा गया था। जिसके विरुद्ध 21 हजार 264 क्विंटल बीज का भंडारण सहकारी समितियों के गोदामों में किया गया है। जिसमें 16 हजार 238 क्विंटल बीज का वितरण किसानों को किया जा चुका है। यही स्थिति रासायनिक खादों के वितरण की है। इस वर्ष 1 लाख 71 हजार मिट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है। जिसके विरुद्ध 8 हजार 834 से अधिक मिट्रिक टन खाद का वितरण किया गया है।

### बढ़ा है फसलों का रकबा

धान की फसल के साथ साथ अन्य फसल के उत्पादन को लेकर किसानों को जगरुक किया गया है। सभी फसल में बढोत्तरी हुई है। धान की फसल का रकबा बढ़ने का कारण समर्थन मूल्य बढ़ने से किसान अब धान की फसल लेने के लिए सामने आ रहे हैं।

-पीएस कंवर, सहायक संचालक कृषि

### फसल और लक्ष्य

| फसल | लक्ष्य (हे.) | वर्ष |
|---|---|---|
| कोदो | 1199 | 2023 |
| | 1240 | 2024 |
| कुटकी | 58 | 2023 |
| | 60 | 2024 |
| रागी | 461 | 2023 |
| | 555 | 2024 |
| अरहर | 5641 | 2023 |
| | 5849 | 2024 |
| मूंग | 1136 | 2023 |
| | 1121 | 2024 |

# ओपन स्कूल परीक्षा, एक रोल नंबर की मिली दो उत्तरपुस्तिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ओपन स्कूल बोर्ड परीक्षा में एक ही रोल नंबर की दो उत्तर पुस्तिका मिलने का मामला सामने आया है। जिसके लिए ओपन बोर्ड ने परीक्षा केंद्र की केंद्राध्यक्ष को नोटिस देकर तलब किया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय बालको को ओपन स्कूल परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया था।

**खास बातें**
- कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बालको को बनाया गया था परीक्षा केन्द्र
- मूल्यांकन के दौरान शिक्षक को मिली थी दो उत्तर पुस्तिकाएं

जिले में बीते मार्च महीने में संपन्न हुई ओपन स्कूल की बोर्ड परीक्षाओं में अन्य प्रदेश के छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन देकर परीक्षा दिलाने के मामले तो सामने आए थे अब एक नया मामला शासकीय कन्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालको का सामने आया है। जिसे ओपन स्कूल परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया था और वहां के प्रधानपाठक राजेश राय जो अप्रैल माह में सेवानिवृत्त हो गए वह स्कूल के परीक्षा संचालन के लिए सहायक केंद्राध्यक्ष के रुप में पदस्थ थे। वहीं दादर हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य मंजू तिवारी को केंद्राध्यक्ष बनाया गया था।

इस मामले के अनुसार परीक्षा संपन्न होने के अनुसार जब बोर्ड कॉपियों को मूल्यांकन के लिए अन्य जिला भेजा गया तब कन्या स्कूल बालको की कॉपियों में एक ही रोल नंबर के दो उत्तरपुस्तिका जब मूल्यांकनकर्ता शिक्षक को मिली तो उसने केंद्राध्यक्ष को इसकी जानकारी दी जिनके द्वारा ओपन बोर्ड के अधिकारियों को इससे अवगत कराया गया। मामला बोर्ड के अधिकारियों तक पहुंचने में केंद्राध्यक्ष को सोमवार को पेशी में ओपन बोर्ड कार्यालय में बुलाया गया है। बताया जाता है कि बीते वर्ष भी कन्या स्कूल बालको में ओपन बोर्ड परीक्षा के दौरान इसी तरह की शिकायतें सामने आई थी जिसे विभागीय अधिकारियों ने सार्वजनिक होने नहीं दिया था।

### जानकारी नहीं मिली

कन्या स्कूल बालको के इस मामले की जानकारी नहीं है लेकिन स्कूल की केंद्राध्यक्ष रही मंजू तिवारी आवश्यक काम से रायपुर जाने का हवाला देकर उन्हें अवकाश का आवेदन पत्र दिया है। मंगलवार को इस संबंध में उनसे पूरी जानकारी लेंगे।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

# कुदमुरा क्षेत्र में भूकम्पीय सर्वेक्षण और खनिज उत्खनन रोकने महिलाएं मिली कलेक्टर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कुदमुरा वनांचल क्षेत्र में निजी कम्पनी द्वारा भूकंपन विधि से सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है जिसे पिछले एक हफ्ते से ग्रामीणों ने कार्य को बंद करा दिया है।अब महिलाएं एकत्रित होकर कलेक्टर दफ्तर पहुंची है और कार्य को निरस्त कराने ज्ञापन सौंपा है। ग्राम तौलीपाली, चचिया, बैगामार कटकोना और कुदमुरा में चचिया भूगर्भीय भुकम्पन विधि से सर्वेक्षण का कार्य एक निजी कम्पनी कर रही है। चचिया एवं सहित आसपास के वन क्षेत्र तथा आदिवासी ग्रामीण बहुल क्षेत्र है जो संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आता है। जिसमें हमारे ग्रामीण समुदाय पूर्वजों से स्थायी निवासी होने के कारण जल, जंगल एवं जमीन पर स्थायी अधिकार रखते हैं।ग्रामीण समुदाय ने वनों के संरक्षण एवं विकास कार्य में पूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए आज तक जल एवं जमीन को सुरक्षित एवं विकसित रखा है।जिसे सुरक्षित एवं विकसित जल, जंगल एवं जमीन की स्थिति को बनाए रखने के लिए ग्राम सभा ही हमारे लिए सबसे सुरक्षित माध्यम है। जिसके माध्यम से हमारी सहमति के बिना कोई भी हमसे यह उपरोक्त संपत्ति नहीं छीन सकता।



कलेक्टोरेट पहुंची कुदमुरा क्षेत्र की महिलाएं।

# वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में एसईसीएल का कोयला उत्पादन 41 मिलियन टन के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में शानदार प्रदर्शन करते हुए 41.95 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है। वहीं हाल ही में समाप्त हुए जून महीने में कंपनी ने 14 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन हासिल किया है। कंपनी की स्थापना के बाद से किसी भी जून माह एवं वित्तीय वर्ष की किसी भी पहली तिमाही में यह अब तक का यह सर्वाधिक कोयला उत्पादन है। कोयला उत्पादन के साथ-साथ एसईसीएल ने अप्रैल-जून 2024 तिमाही में देश भर के बिजली संयन्त्रों को रिकॉर्ड 47.50 मिलियन टन कोयले की आपूर्ति की है। कंपनी ने पिछले वर्ष की तिमाही की तुलना में इसमें 7 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोत्तरी दर्ज की है। ओवर बर्डन रिमूवल की बात करें तो कंपनी द्वारा जून 2024 को समाप्त तिमाही में अब तक का सर्वाधिक 92.32 मिलियन क्यू.मी. ओबीआर दर्ज किया है जोकि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही से 6.35 मिलियन क्यू.मी. (7.3 प्रतिशत) अधिक है। कंपनी ने 31.33 मिलियन क्यूबिक मीटर के साथ किसी भी जून माह में सर्वाधिक ओबीआर का नया रिकॉर्ड बनाया है। पिछले वर्ष जून में कंपनी ने 26.04 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर किया था और इस प्रकार इस इस जून माह में कंपनी ने ओबीआर में 20 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोत्तरी दर्ज की है। विदित हो कि कंपनी ने बीते वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगातार दूसरे वर्ष 20 मिलियन टन ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**
- ओबीआर एवं आफटेक में भी कंपनी ने अब तक के सर्वाधिक आंकड़े को छुआ



फाइल फोटो

### नियम विरुद्ध टैक्स लेने एवं हटाने की मांग पर किया जा रहा विरोध प्रदर्शन

# टोल प्लाजा का विरोध, ग्रामीणों ने शुरु किया अनिश्चितकालीन धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिले के रजकम्मा मदनपुर एनएच 130 के टोल प्लाजा में कर वसूली के नियमों पर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताते हुए टोल प्लाजा को ही उस स्थान से हटाने की मांग पर अड़े हैं। उनका कहना है कि नियम विरूद्ध तरीके से उनसे टैक्स लिया जा रहा है। बार-बार शिकायतों के बावजूद निराकरण नहीं करने के कारण सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया गया है।

जिले में कम दूरी पर बना दी गई दो टोल प्लाजा का विरोध शुरू हो गया है। एनएच के नियमो के मुताबिक दो टोल प्लाजा के बीच की दूरी 60 किलोमीटर से अधिक होनी चाहिए लेकिन नेशनल हाइवे-130 में बिलासपुर से कटघोरा के बीच 2 टोल प्लाजा बना दिया गया है। एक टोल प्लाजा पहले से ही पतरापाली में संचालित है जबकि अब दूसरा टोल प्लाजा कटघोरा के निकट रजकम्मा-मदनपुर में शुरू कर दिया है जिसको लेकर विरोध शुरू हो गया है। प्रदर्शनकारी समारू सिंह, आसिफ खान ने बताया कि दोनों टोल के बीच केवल 30 किलोमीटर की ही दूरी है। इधर कटघोरा के मोहनपुर के पास कई गांव के लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन शुरू कर दिए हैं। छत्तीसगढ़ युवा शक्ति के बैनर तले ये प्रदर्शन किया जा रहा है। ये लोग टोल प्लाजा बंद करने मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। वहीं एसडीएम पाली की समझाइश का भी प्रदर्शनकारियों पर कोई असर नहीं हुआ। लोग सीधे मोहनपुर के पास मौजूद रजकम्मा टोल प्लाजा को बंद करने की मांग पर अड़े हुए हैं। बता दें कि पिछले दिनों एनएचआई ने इसी नियम का हवाला देते हुए टोल से 20 किलोमीटर क्षेत्र में निवासरत लोगो को मासिक पास बनाने विज्ञप्ति जारी किया था लेकिन लोग रियायत नहीं बल्कि पूरी समस्या का निराकरण चाह रहे हैं।




धरने में बैठे ग्रामीण।

# पसान में 8 तो कुदमुरा पहुंचे 13 हाथी, किया गया सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा वन मंडल में कुदमुरा रेंज के कनकीखार में 13 हाथियों का झुंड मडरा रहा है वहीं कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज से 8 हाथियों का झुण्ड एक बार फिर केंदई रेंज के ग्राम लालपुर पहुंच गया है। इसकी वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग सहित चोटिया-कोरबी मार्ग पर आने-जाने वालों को सतर्क किया जा रहा है। केंदई रेंजर अभिषेक दुबे ने बताया कि हाथियों का झुंड भोजन की तलाश में शाम को सडक़ पार करते हैं। हाथियों की निगरानी करने के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी नजर रखे हुए हैं। हाथी अभी गांव के पास नहीं जा रहे हैं। उधर एतमानगर रेंज के बंजारी गांव में 23 तथा जटगा के मुकुवा में 13 हाथी लगातार विचरण कर रहे हैं। इन हाथियों की निगरानी संबंधित अमले द्वारा की जा रही है। कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में 13 हाथी डेरा डाले हुए हैं। हाथियों के इस झुण्ड को सोमवार की सुबह यहां के जंगल के कक्ष क्रमांक 1139 में विचरण करते हुए देखा गया। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हाथियों के इस झुंड में शावक भी है। झुण्ड में शावक होने के कारण हाथियों का यह झुण्ड जहां भी जाता है कई दिनों तक डेरा डाल देता है। कुदमुरा रेंज में भी यह झुण्ड पिछले तीन दिनों से डेरा डाला हुआ है।

1 korba-pg2_Layout 1 7/2/2024 12:35 AM Page 1





# चुनाव हारने के बाद फिल्म की ओर लौटे निरहुआ...

**मुंबई।** भोजपुरी इंडस्ट्री के सितारे एक्टर दिनेश लाल यादव यानी निरहुआ ने चुनाव में हारने के बाद सिनेमा की ओर फिर से अपना रुख कर लिया है। उन्होंने हाल ही में एक फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी की। बता दें कि निरहुआ ने आजमगढ़ सीट से चुनाव लड़ा था और हार गए थे। सिनेमा में वापस आने पर निरहुआ ने कहा, एक्टिंग मेरा मुख्य काम है, हमारी पार्टी भी कहती है कि जिस काम से पहचान मिलती है, उसको प्राथमिकता से करते रहना चाहिए। उसके साथ समाज के लिए भी वक्त निकालना चाहिए। जनता के आदेश से मैंने सेवा की और अब फिल्मों के माध्यम से उनका मनोरंजन करूंगा।



लाइफ Style

# सामंथा

## वेब सीरीज में आदित्य संग आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अगर यह खबर सच हुई तो यह पहली बार होगा जब आदित्य और निर्देशक जोड़ी किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करेंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अभिनेता इसमें एक खिलाड़ी के रूप में दिखाई देंगे।

'रक्तबीज' में आदित्य के साथ दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु राज एंड डीके की आगामी वेब सीरीज में फिर आदित्य के साथ नजर आ सकती हैं। वह इस सीरीज में जबरदस्त एक्शन करती दिखाई देंगी। यह सामंथा और आदित्य के बीच पहला सहयोग होगा। राज एंड डीके ने निर्देशन की दुनिया में अपनी एक खास जगह बनाई है। ये निर्देशक जोड़ी इससे पहले अभिनेता मनोज बाजपेयी (द फैमिली मैन), सिद्धार्थ मल्होत्रा (ए जेंटलमैन), शाहिद कपूर (फर्जी), राजकुमार राव (गन्स एंड गुलाब्स) के साथ काम कर चुकी है। बॉलीवुड की एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि आदित्य ने एक्शन निर्देशक जोड़ी राज एंड डीके के साथ एक प्रोजेक्ट साइन किया है। अगर यह खबर सच हुई तो यह पहली बार होगा जब आदित्य और निर्देशक जोड़ी किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करेंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अभिनेता इसमें एक खिलाड़ी के रूप में दिखाई देंगे। अभिनेता आदित्य रॉय कपूर को आखिरी बार मृणाल ठाकुर के साथ फिल्म 'गुमराह' में देखा गया था। यह फिल्म बीते साल 7 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

हॉलीवुड मसाला



# मौत के समय हो चुके थे दिवालिया

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर पॉप स्टार माइकल जैक्सन किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। जब तक वे जिंदा थे अपनी लग्जरी जिंदगी और विवादित फैसलों की वजह से सुर्खियों में बने रहे। अपनी मौत के बाद भी माइकल जैक्सन का नाम अक्सर चर्चा में शामिल होता ही रहता है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जब गायक की मौत की मौत हुई थी तब उनपर 500 मिलियन डॉलर का कर्ज था। माइकल जैक्सन पूरी दुनिया में चैरिटी यानी दान देने के लिए मशहूर थे।




# नए टीजर में आमने-सामने आए सबर्टूथ और वूल्वरिन...

**लॉस एंजिल्स।** रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन अभिनीत 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' अगले महीने सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के टीजर और ट्रेलर ने दर्शकों के उत्साह को बरकार रखा है। इसी बीच शॉन लेवी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का एक और टीजर जारी कर दिया गया है, जिसे देखकर प्रशंसक फूले नहीं समा रहे हैं। टीजर में टायलर माने के किरदार सबर्टूथ और ह्यूज के किरदार वूल्वरिन का आमना-सामना देखने को मिल रहा है। शनिवार को 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' के नए टीजर का अनावरण किया गया, जिसमें रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल के रूप में अपनी भूमिका दोहराते नजर आ रहे हैं। टायलर माने, जिन्होंने पहली बार 2000 में मूल एक्स-मेन फिल्म में सबर्टूथ का किरदार निभाया था, खलनायक के रूप में वापस लौटे हैं।



# चुनौतीपूर्ण किरदार कर स्क्रीन पर छाईं....

**मुंबई।** रश्मि देसाई एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो सही मायनों में कड़ी मेहनत को परिभाषित और दर्शाती हैं। वह जिस भी प्रोजेक्ट का हिस्सा होती हैं, उसमें हमेशा एक शानदार कलाकार के रूप में सामने आने में सफल रहती हैं। उनके नए प्रोजेक्ट के बारे में बात करें तो फिल्म 'जेएनयू' में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। रश्मि देसाई फिल्म में अपने किरदार से हर जगह दिल जीत रही हैं। फिल्म में रश्मि देसाई का किरदार एक लेखिका और जेएनयू की प्रोफेसर निवेदिता मेनन के जीवन पर आधारित है। रश्मि ने मिल रहे प्यार और सराहना पर कहा वास्तविक जीवन के किरदार निभाना हमेशा एक चुनौती होती है क्योंकि दर्शकों के पास हमेशा एक स्मरण बिंदु होता है लेकिन मैं चुनौती के लिए तैयार थी। निर्देशक हमेशा मेरे लिए जहाज का कप्तान होता है।




# 'सरफिरा' के पोस्टर ने मचाया तहलका

**मुंबई।** बालीवुड एक्टर अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म सरफिरा के पोस्टर रिलीज के बाद फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया और प्रशंसकों को बेहद उत्साहित कर दिया। वहीं उनके सह-कलाकार परेश रावल ने भी स्टार की प्रशंसा की और एक्स पर लिखा, अक्षय कुमार की बेहतरीन फिल्म। वहीं अक्षय कुमार ने जवाब में कहा, बहुत-बहुत धन्यवाद परेश भाई। आपकी मौजूदगी ने इस फिल्म में बहुत कुछ जोड़ा। 12 साल बाद आपके साथ दोबारा स्क्रीन पर जुड़कर खुशी हुई। अक्षय कुमार और परेश रावल ने पिछले कुछ वर्षों में कुछ आइकोनिक फिल्मों में एक साथ काम किया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदन और सीमा बिस्वास नज़र आएंगे।

टीवी मसाला

# छोटे पर्दे से कपिल की छुट्टी करेंगे जाकिर...

**नई दिल्ली।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के 'द कपिल शर्मा शो' के दर्शक दीवाने हैं। सभी अपने परिवार के साथ बैठकर इस शो का लुत्फ उठाते थे। हालांकि, अब दर्शकों को टीवी पर कपिल के लौटने का इंतजार है, क्योंकि उन्हें टीवी शो बंद कर नेटफ्लिक्स से दर्शकों को हंसाना शुरू किया है। इस बीच प्रसिद्ध स्टैंअप कॉमेडियन जाकिर खान ने अपने टीवी शो की घोषणा की है। कयास लगा रहे हैं कि वह टीवी पर कपिल की जगह लेने वाले हैं।



***'आपका अपना जाकिर' का किया ऐलान :*** जाकिर ने अपने नए कॉमेडी शो का ऐलान किया है, जिसका नाम 'आपका अपना जाकिर' है। वह इस शो के जरिए टीवी की दुनिया में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह शो सोनी टीवी पर प्रसारित होगा। निर्माताओं ने कॉमेडियन के साथ मिलकर इसका टीजर भी साझा किया है। वीडियो को साझा करते हुए उन्होंने लिखा, आप देखेंगे। हम देखेंगे। सब देखेंगे 'आपका अपना जाकिर', सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर। बहुत ही जल्द।

***जाकिर खान लेंगे कपिल की जगह :*** 'द कपिल शर्मा शो' का आखिरी एपिसोड पिछले साल जुलाई में प्रसारित हुआ था। प्रशंसक वीकेंड के दिनों में शो का बेसब्री से इंतजार करते थे, लेकिन कपिल ने टीवी पर वापसी नहीं की। ऐसे में 2023 से एक कॉमेडी शो के लिए सोनी पर स्लॉट खाली था। जाकिर के नए शो की शुरुआत के साथ, यह अनुमान लगाया जा रहा है कि टीवी चैनल 'द कपिल शर्मा शो' की जगह 'आपका अपना जाकिर' लेकर आया है।

### 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में व्यस्त हैं कपिल

कपिल और उनकी टीम ने टीवी की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर जाना चुना और वे फिलहाल अपने शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में व्यस्त हैं। इस शो के अब तक 12 एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं और इसी के साथ इसका समापन हो गया। हालांकि, कपिल ने 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन का ऐलान कर दिया है, जो जल्द नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। फिलहाल दूसरे सीजन की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।

### जाकिर को ऐसे मिली प्रसिद्धि

जाकिर की बात करें तो कॉमेडियन ने साल 2012 में 'कॉमेडी सेंट्रल' में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्टैंड-अप कॉमेडियन का खिताब जीतकर लोकप्रियता हासिल की थी। जाकिर लोगों के बीच अपने वीडियो के चलते सुर्खियों में बने रहते हैं। उन्होंने अब तक ओटीटी पर 'हक से सिंगल', 'कक्षा ग्यारवी', 'तथास्तु' और 'मनपसंद' जैसे स्टैंडअप स्पेशल जारी किए हैं। इसके साथ ही जाकिर हाल ही में 'चाचा विधायक हैं हमारे' के तीसरे सीजन में भी नजर आए थे।

# नवाजुद्दीन बोले- मेरी शक्ल-सूरत ऐसी थी गरीब नहीं था; बताया क्यों की चौकीदारी...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपने मन की बात कहने के लिए जाने जाते हैं। उनकी यह बेबाकी उनके प्रशंसकों को खूब भाती है। अक्सर नवाज के बारे में यह कहा जाता है कि वह गरीब हैं और गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। अब उन्होंने खुद यह साफ कर दिया है। एक हालिया इंटरव्यू में अभिनेता ने बताया कि लोग उनकी शक्ल देखकर चक्कर में पड़ जाते थे। उन्हें लगता था कि ये गरीब ही होगा।



***संपन्न परिवार का हिस्सा रहे अभिनेता :*** आपको बता दें कि नवाज बचपन से ही संपन्न परिवार का हिस्सा रहे हैं। वह अपने 8 भाइयों और बहनों में सबसे बड़े हैं। उन्होंने हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय से केमिस्ट्री में ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की है। डिग्री करने के बाद वह नौकरी की तलाश में निकले और वड़ोदरा में एक केमिस्ट के रूप में जॉब की। इसके बाद वह दिल्ली पहुंचे और पहली बार थिएटर देखते ही एक्टिंग की ओर झुक गए।

***फिल्मों में काम पाने चौकीदारी तक की :*** फिल्मों में काम खोजने के लिए नवाज ने काफी संघर्ष किया। इस दौरान उन्होंने घर से मदद लेने की जगह आत्मसम्मान को चुना और इसलिए एक समय में चौकीदार की नौकरी भी की। उन्होंने आमिर खान की सुपरहिट फिल्म 'सरफरोश' में एक छोटे से रोल से शुरुआत की, लेकिन इसके बाद उन्हें 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से असली पहचान मिली। नवाज कभी फिल्मों में छोटा सा किरदार पाने के लिए तरसते थे और आज वह करोड़ों रुपये के मालिक हैं।

***'रौतू का राज' में नजर आ रहे नवाज :*** इन दिनों नवाज क्राइम थ्रिलर फिल्म 'रौतू का राज' में नजर आ रहे हैं, जिसकी कहानी तो कुछ खास नहीं, लेकिन नवाजुद्दीन ने अपनी शानदार अदाकारी से इसे जरूर दिलचस्प बना दिया है। फिल्म में उन्होंने इंस्पेक्टर दीपक नेगी कि किरदार निभाया है।



# आयरनमैन रेस के लिए जमकर बहा रहीं पसीना

**मुंबई।** मुंबई की मानसून के बीच भी फिटनेस फ्रीक बॉलीवुड एक्ट्रेस सैयामी खेर आयरनमैन रेस के लिए ट्रेनिंग में जमकर पसीना बहा रही हैं। वह 15 सितंबर को जर्मनी में होने वाली आयरनमैन ट्रायथलॉन में हिस्सा लेंगी। बता दें कि सैयामी एक्टिंग के अलावा रेसिंग के लिए भी जानी जाती हैं। वह दुनिया भर के कई रेसिंग कंपटीशन में हिस्सा ले चुकी हैं। सैयामी ने कहा, मेरी हमेशा से ही स्पोर्ट्स में दिलचस्पी रही है। मैंने दो फुल मैराथन और 20 से ज्यादा हाफ मैराथन में हिस्सा लिया है। इसलिए मेरा अगला लक्ष्य आयरनमैन है। स्पोर्ट्स मुझे दिमागी तौर पर मजबूत बनाता है। यह दिमाग को शांत करने का मेरा तरीका है।

### दौड़ना बंद नहीं कर सकती रेस तीन माह बाद


उन्होंने कहा, मैं मुंबई में रहती हूं, और यह मानसून का मौसम है। मैं मौसम के चलते दौड़ना बंद नहीं कर सकती, क्योंकि रेस मात्र तीन महीने दूर है। मौसम मेरी मेहनत में रुकावट नहीं बनेगा। मुझे वास्तव में बारिश में दौड़ना और तैरना पसंद है। मुझे बारिश के मौसम में खाली सड़कें भी पसंद है! सैयामी की ट्रेनिंग में इनडोर और आउटडोर एक्सरसाइज शामिल हैं। वह अपने रनिंग सेशन के लिए बारिश के बावजूद बाहर निकलती हैं जबकि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और साइकिलिंग के लिए इनडोर फैसिलिटी का इस्तेमाल करती हैं।

## अंतरिक्ष में गोल-गोल घूमने वाले चांद पर भी जमीन के बन गए मालिक

# सुशांत ही नहीं, इन बॉलीवुड-टीवी सितारों के पास भी है चांद पर जमीन

***मुंबई।*** *सिनेमा की दुनिया के सितारों के बीच देश-विदेश में जमीन खरीदना आम बात है। बहुत से सितारों ने विदेशों में करोड़ों रुपये निवेश कर आलीशान बंगले खरीदे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि अब बॉलीवुड और टीवी जगत के कुछ सितारे धरती पर ही नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में गोल-गोल घूमने वाला चांद पर भी जमीन के मालिक बन गए हैं। आज हम सिनेमा जगत के ऐसे सितारों के बारे में बताएंगे जिन्होंने चांद पर जमीन खरीदी है।*

**सुशांत सिंह राजपूत :** अंतरिक्ष और तारों के लिए दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का प्यार किसी से छिपा नहीं है। वह धरती के बाहर की दुनिया के बारे में जानने के लिए हमेशा उत्सुक रहते थे। उन्होंने इसी उत्सुकता के चलते साल 2018 में चांद पर एक जमीन खरीदी थी। अभिनेता ने चांद के दूसरी तरफ एक जमीन का टुकड़ा खरीदा था, जिसे मैरे मुस्कोविएन्से या 'सी ऑफ मस्कॉवी' कहा जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने जमीन 55 लाख रुपये में खरीदी थी।




**अंकित गुप्ता :** टीवी की दुनिया में 'उडारियां' और 'सड्डा हक' जैसे सीरियल से धमाल मचाने वाले अंकित गुप्ता को प्रसिद्धि सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' से मिली थी। अंकित के पास भी चांद पर जमीन का एक टुकड़ा है। यह उन्होंने अपने आप नहीं खरीदी बल्कि यह उन्हें एक फैन ने तोहफे में दी थी। इसकी कीमत के बारे में कोई जानकारी नहीं है।



**प्रियंका चाहर चौधरी :** टीवी अभिनेत्री प्रियंका चाहर चौधरी भी चांद पर जमीन के एक टुकड़े की मालकिन हैं। अंकित की तरह ही उन्हें भी यह उपहार में मिली है। दअरसल, रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' से बाहर निकलने के बाद उनके एक उत्साही प्रशंसक ने उन्हें चांद पर 1 एकड़ जमीन उपहार में दी थी। बता दें, प्रियंका ने 'उडारियां' में काम किया है। वह 'बिग बॉस 16' के फाइनल में पहुंचे 3 प्रतियोगियों में से एक थीं।



**शाहरुख खान :** शाहरुख खान के पास भी चांद पर एक जमीन है। साल 2009 में शाहरुख ने खुलासा किया था कि ऑस्ट्रेलिया की एक महिला हर साल उनके जन्मदिन पर उनके लिए थोड़ी सी जमीन खरीदती है। शाहरुख की जमीन को 'सी ऑफ ट्रैंक्विलिटी' कहा जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 1 एकड़ जमीन की कीमत लगभग 37.50 अमेरिकी डॉलर यानी 31.25 करोड़ रुपये है। तब से सुपरस्टार को कई एकड़ जमीन उपहार में दी जा चुकी है।



## खबर संक्षेप

### प्रथम तिमाही कोयला लदान में मंडल का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**कोरबा।** बिलासपुर मण्डल अपने समर्पित रेलकर्मियों के सम्मिलित, सतत एवं अनुशासित प्रयास से विपरीत परिस्थितियों में भी डटकर काम करते हुए सर्वाधिक लदान करने वाले मंडलों में से एक होने की ओर अग्रसर है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही में 30 जून तक बिलासपुर मण्डल द्वारा 47 मिलियन टन माल ढुलाई कर नई उपलब्धि हासिल की गई, जो कि किसी भी वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पिछले वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में 40 मिलियन टन माल ढुलाई की गई थी। इस अवधि में लोड किए गए वस्तुओं में कोयला, क्लिंकर, लौह अयस्क, सीमेंट, स्टील, खाद्यान रासायनिक खाद, खनिज, तेल आदि शामिल है। ज्ञात हो कि रेलवे द्वारा माल ढुलाई को आकर्षक बनाने के लिए कई तरह की रियायतें, छूट भी उपभोक्ताओं को दी जा रही है। साथ ही मौजूदा नेटवर्क में मालगाड़ियों की गति में भी काफी वृद्धि की गई। मालगाड़ियों की गति में सुधार से सभी हितधारकों के लागत में भी बचत हो रही है। मंडल में अधोसंरचना विकास के अंतर्गत विभिन्न सेक्शनों में तीसरी व चौथी लाइन कनेक्टिविटी के कार्य भी व्यापक स्तर पर कराये जा रहे हैं। इन सभी कार्यों के परिणाम नए कीर्तिमान के रूप में सामने आया है।

### चन्द्रनाहू महासमिति के आशुतोष अध्यक्ष व मनमोहन बने संयुक्त सचिव



**कोरबा।** चंद्रनाहू (चन्द्रा) विकास महासमिति का चुनाव शनिवार को फर्म एवं सोसायटी के नियमानुसार चन्द्रा भवन स्टेशन रोड, सक्ती मुख्यालय में संपन्न हुआ। सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी डॉक्टर प्रसाद चन्द्रा एवं सहयोगी अधिवक्ता उदय कुमार वर्मा, सनत चन्द्रा ने घोषणा की। निर्वाचित पदाधिकारियों में कोरबा जिले के मनमोहन चन्द्रा संयुक्त सचिव चुने गये। इसी तरह अध्यक्ष आशुतोष चन्द्रा, उपाध्यक्ष बरतिया राम चन्द्रा, कोषाध्यक्ष कीर्तन राम चन्द्रा, सचिव दाऊ लाल चन्द्रा का निर्वाचन हुआ है। केन्द्रीय सदस्य के रूप में लखनलाल चन्द्रा, नानू राम चन्द्रा, सालिक राम चन्द्रा, राधेलाल चन्द्रा, गोरेलाल, पुरोहित कुमार, पुष्पा, दिलीप, किरोड़ीमल, पीताम्बर चन्द्रा, करुणा चन्द्रा का निर्वाचन हुआ है। इस मौके पर मनमोहन चन्द्रा को चन्द्रनाहू (चन्द्रा) विकास महासमिति का संयुक्त सचिव निर्वाचित होने पर चन्द्रनाहू (चन्द्रा) समाज कोरबा के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश चन्द्रा, जीवन प्रकाश चन्द्रा, कोरबा भाग 1 के अध्यक्ष मोहित राम चन्द्रा, बद्री प्रसाद चन्द्रा, अमृतलाल चन्द्रा, लक्ष्मण चन्द्रा, बनवारी चन्द्रा, एम एल चन्द्रा, कीर्ति चन्द्रा, भुनेश चन्द्रा, जीवराखन चन्द्रा, बाबूलाल चन्द्रा, द्रुपद चन्द्रा आदि उपस्थित थे।

### नवोदय विद्यालय के कैडेटस का एनसीसी कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**कोरबा।** सलोरा स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के 5 बॉयज और 5 गर्ल्स एनसीसी कैडेट्स 7 सीजी बटालियन बिलासपुर के द्वारा 22 जून से 1 जुलाई तक आयोजित सीएटीसी–6 टीएससी प्रीआरडीसी कैंप में शामिल हुए और विभिन्न एनसीसी गतिविधियों में भाग लेते हुए वेपन ट्रेनिंग, मैप रीडिंग, डीएससी ट्रेनिंग एवं ड्रिल में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके साथ लिया साथ ही कैंप में आयोजित एकल और ग्रुप सॉन्ग, डांस, डिबेट इत्यादि प्रतियोगिताओं में भी बढ़चढ़ कर भाग लिया। जिसमें सेकैडेट विद्या कर्ष को कैंप के सर्वश्रेष्ठ कैडेट्स का गोल्ड मेडल तथा कैडेट्स गौरव पांडे को डिबेट प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। विद्यालय एनसीसी अधिकारी रीतेश भोंसले के कुशल निर्देशन और कैडेट्स के सतत मेहनत से कैडेट्स नित नए प्रतिमान गढ़ रहे हैं। कैडेट्स के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बटालियन कमान अधिकारी कर्नल सेंथिल कुमार और विद्यालय प्राचार्य सुश्री शांति मोहंती का मार्गदर्शन व सहयोग रहा।

# काउंटर साइन और नियुक्ति पत्र लेने अभ्यर्थी पहुंच रहे डीईओ ऑफिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्कूल खुलते ही कई तरह की कार्यों को लेकर छात्र व उनके अभिभावक शिक्षा विभाग के दफ्तर पहुंचने लगे हैं। काउंटर साइन एवं हाल ही में जनजाति वर्ग के शिक्षित युवाओं को अतिथि शिक्षक के लिए नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं जिनके लिए दोनों वर्ग डीईओ ऑफिस के चक्कर काट रहे हैं।

जिला शिक्षा कार्यालय में इस समय अभिभावक व छात्र की भीड़ नजर आती है अधिकांश छात्र जिले से 12वीं कक्षा पास करने के बाद अन्य जिले में प्रवेश के लिए काउंटर साइन के लिए जिला कार्यालय पहुंचते हैं। जहां जिला शिक्षा अधिकारी के मीटिंग में होने व सहायक संचालक के अवकाश में होने के कारण दिनभर छात्र व उनके अभिभावकों को इंतजार करना पड़ रहा है। सोमवार को करतला और कटघोरा विकासखंड से छात्र व उनके अभिभावक काउंटर साइन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे थे जहां शिक्षा अधिकारी के जिला के दौरे पर होने के कारण उन्हें शाम तक दफ्तर में ही इंतजार करना पड़ा। इसी तरह विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के शिक्षित युवाओं को अतिथि शिक्षक के रुप में चयनित किए जाने के लिए उन्हें नियुक्ति पत्र शिक्षा विभाग से जारी किया जाना है। ऐसे चयनित अभ्यर्थी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे थे। जिसकी वजह से शिक्षा विभाग के अंदर अभिभावक व छात्र बारिश होने के कारण अंदर मौजूद थे। शिक्षा अधिकारी के ग्रामीण अंचल के दौरे में होने के कारण जिला शिक्षा कार्यालय में उनकी अनुपस्थिति में सहायक संचालक का पद संभालने वाले व्याख्याता के अवकाश में होने के कारण शिक्षा अधिकारी के दफ्तर पहुंचने के बाद ही छात्र एवं उनके अभिभावकों का काम हो सका।

## प्रतिदिन दूर दराज से छात्र व अभिभावक पहुंच रहे जिला मुख्यालय

**खास बात**

- दूरदराज के छात्रों को करना पड़ रहा है परेशानियों का सामना




## जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में आम जनता को किया गया जागरूक

# पुलिस ने नए कानूनों को लेकर थाना चौकी में मनाया महोत्सव



लोगों को नए कानून की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आज से देश भर में नए कानून का अध्याय शुरु हो गया है। इसे लेकर आज जिले भर के विभिन्न थाना चौकी क्षेत्र में नया कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में लोगों को बताया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया।

1 जुलाई से संपूर्ण भारत में नया क़ानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो गया है। जिसके प्रचार प्रसार के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश अनुसार सभी थाना व चौकी प्रभारियों के द्वारा इस दिवस को महोत्सव की तरह मनाया गया। सभी थानो में जनप्रतिनिधि, पार्षद, सरपंच गणों और आमजनता की उपस्तिथि में पुलिस अधिकारियों के द्वारा नवीन क़ानून के प्रमुख प्रावधानों के बारे में बताया गया। थाना कटघोरा में कार्यक्रम के उपलक्ष्य में विधायक कटघोरा प्रेम चंद पटेल उपस्थित हुए। उसी प्रकार थाना करतला में विधायक रामपुर फूल सिंह राठिया ने कार्यक्रम को सुशोभित किया। थाना कोतवाली में महापौर राजकिशोर प्रसाद की उपस्तिथि में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक स्वयं उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि 1 जुलाई से नये क़ानून लागू हो गये हैं। जिससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली एक नये युग में प्रवेश कर रही है जो देश की न्याय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और पारदर्शी बनाएंगी। भारतीय न्याय संहिता का उद्देश्य आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार करना है, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने के साथ-साथ सुरक्षा उपायों को भी सुनिश्चित करती है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने वाले साक्ष्यों की मान्यता और प्रामाणिकता से संबंधित है। आज से जीरो और ई एफआईआर भी रजिस्टर कराई जा सकेगी। एवं सभी प्रक्रिया में निर्धारित समयसीमा लागू हो जाएगी।

## नया कानून लोगो के लिए बेहतर : प्रेमचंद




कटघोरा थाना में कार्यशाला का आयोजन कर लोगों को नए कानून से संबंधित जानकारियां दी गई। कटघोरा थाना परिसर में 1 जुलाई को तीन नए प्रमुख आपराधिक कानूनों के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि देश मे नए कानून के लागू होने से लोगों को इसका बेहतर लाभ मिलेगा और उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह द्वारा ब्रिटिशकाल के कानून को खत्म कर भारत देश में नया कानून लागू किया गया है। इसके लिए वे पूरे भारत देश वासियों को बधाई देते है और ग्रह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देते है जो इनके प्रयास से देश मे लोगों की सहुलियत को देखते हुए नया कानून लागू किया। कार्यक्रम में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नेहा वर्मा, एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर,अध्यक्ष नगर पालिका रतन मित्तल पूर्व जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा मीना शर्मा मन्चस्थ रहे सर्वप्रथम थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के द्वारा उपस्थित सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता, पत्रकार व आम नागरिको कार्यक्रम के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम को एसडीओपी पंकज ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नेहा वर्मा, कटघोरा नगर पालिका अध्यक्ष रतन मित्तल ने भी संबोधित किया और लोगों को नए कानून के बारे में बताया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष बजरंग पटेल, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ललित डिक्सेना, पूर्व भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष पवन गर्ग, पार्षद मुरली साहू, पार्षद संजय अग्रवाल, पार्षद आत्मा नारायण पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष धन्नू प्रसाद दुबे,भाजपा नेता सतीश जायसवाल, संजय शर्मा,अध्यक्ष पत्रकार संघ कटघोरा अजय धनोदिया, पत्रकार हसन अली,रामबिलास कुर्रे, शशिकांत डिक्सेना,शारदा पाल, संदीप चौबे, सच्चिदानंद तिवारी, नवीन गोयल के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिक सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रताप सिंह व कटघोरा पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कार्यशाला आयोजित कर पुलिस ने ग्रामीणों को कराया अवगत



राष्ट्रीय सेवा योजना स्वंय सेवकों, ग्रामीणों ने भारतीय न्याय संहिता से दंड संहिता की जानकारी पुलिस चौकी चैतमा के द्वारा दी गई। पुलिस चौकी प्रभारी चन्द्रपाल खांडे एवं पुलिस स्टॉफ ने कार्यशाला का आयोजन किया। पुलिस प्रभारी चैतमा चन्द्रपाल खांडे ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता आज से लागू राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चैतमा स्वंय सेवकों के साथ पुलिस चौकी चैतमा भारत भवन में स्वंय के साथ कार्य शाला में सहभागिता निभाई। नए आपराधिक कानून आज से देशभर में लागू हो गए हैं। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ब्रिटिशकाल के भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। 6 अपराधों में सजा के तौर पर कम्युनिटी सेवा का प्रावधान किया गया है। नवीन सिंह जनपद उपाध्यक्ष पाली ने बताया कि बीएनएस में 20 नए अपराध जोड़े गए हैं और निरस्त आईपीसी के 19 प्रावधानों को हटा दिया गया है। 33 अपराधों के लिए कारावास की सजा बढ़ा दी गई है और 83 अपराधों के लिए जुर्माना बढ़ा दिया गया है। 23 अपराधों के लिए अनिवार्य न्यूनतम सजा पेश की गई है। 6 अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा की सजा पेश की गई है।

### डेढ़ लाख के हार की ठगी करने वाले बिहार से गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** जेवर दुकान में डेढ़ लाख रुपए का हार खरीदने के बाद नकली चेन पकड़ाकर ठगी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बिहार के भोजपुर से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने डेढ़ लाख रुपए का हार भी बरामद कर लिया है। बता दें कि मायापुर पंचदेव मंदिर रोड निवासी राज सोनी की सदर रोड में जगदम्बा आभूषण के नाम से दुकान संचालित है। 20 जून को व्यवसायी के दुकान में दो व्यक्ति सोने का हार खरीदने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने 17.860 ग्राम का सोने का हार पसंद किया और उसके बदले में अपने गले में पहने हुए 22.400 ग्राम के हार को दिया। आरोपियों ने व्यवसायी को बताया था कि वो इस हार को गलाए नहीं क्यों कि दो दिन में वो पूरे 1 लाख 46 हजार 63 रुपए देकर अपने हार को भी वापस ले जाएंगे। दो दिन बाद जब युवक नहीं पहुंचे तो व्यवसायी ने आशंका पर सोने का एक टुकड़ा गलाया तो वह नकली निकला। इस मामले की शिकायत व्यवसायी ने पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनिकी जानकारियों के आधार पर बिहार भोजपुर के शाहपुर सोनकी निवासी 32 वर्षीय राजेश कुमार गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और अपने साथी प्रदीप कुमार गुप्ता व अभिलेश सिंह के साथ मिलकर कार क्रमांक बीआर 01 एचएल 7480 से जगदम्बा आभूषण जाकर सोने का हार ठगी करने की बात स्वीकार की।

# प्रेस जनता व सरकार का आइना, विकास में महत्वपूर्ण योगदानः लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अथिति के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा प्रेस क्लब ने अपनी अलग पहचान बनाई है। चुनाव एक मात्र प्रक्रिया होती है। हर संगठन को चलाने के लिए मुखिया की जरूरत होती है। चुनाव में जीत-हार लगी रहती है। प्रेस जनता का आइना होता है। मीडिया सरकार की विभिन्न योजना को जन –जन तक पहुंचाता है।

मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि महापौर के कार्यकाल में प्रेस क्लब के भवन का निर्माण हुआ था। कोरबा की जनता ने अब मंत्री और विधायक का दायित्व सौंपा है। उन्होंने कहा की बहुत सारे कार्य 6 महीना मे पूरे हो चुके हैं। मंत्री श्री देवांगन ने 10 लाख की लागत से प्रेस कॉम्प्लेक्स में प्रसाधन निर्माण करने की घोषणा की। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की पूरा कोरबा में विकास की बहुत सारी संभावना है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आप लोगों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर कोरबा का विकास किया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों को हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। इससे पहले उन्होंने पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कोरबा के पत्रकार जागरूक और एकजुट हैं। आज पत्रकार अपने कलम की ताकत से हर वर्ग को सरकार की योजना का लाभ दिलाने में सशक्त भूमिका निभा रहा है। मीडिया प्रभारी आकाश श्रीवास्तव उपस्थित थे। कार्यक्रम में कोरबा प्रेस क्लब के सदस्यगण बड़ी संख्या में शामिल हुए।



शपथ लेते नई कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण।

## अध्यक्ष व सचिव ने किया स्वागत

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे मंत्री लखनलाल देवांगन को पुष्प गुच्छ भेंट करके कोरबा प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल व सचिव नागेन्द्र श्रीवास ने उनका स्वागत किया। प्रबंध कार्यकारिणी के अन्य सभी पदाधिकारियों ने भी पुष्प देकर मंत्री श्री देवांगन व पार्षद नरेंद्र देवांगन का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में प्रेस क्लब के सभी वरिष्ठ सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट करके उनका सम्मान किया और आभार व्यक्त किया।

कोरबा प्रेस क्लब, कोरबा के द्विवर्षीय प्रबंध कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल, उपाध्यक्ष रामेश्वर ठाकुर, सचिव नागेन्द्र श्रीवास, उप सचिव रघुनंदन सोनी, कोषाध्यक्ष ई. जयन व कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार शाह, शेख असलम व नीलम पड़वार को शपथ दिलाई। इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र देवांगन ने भी

### सेवानिवृत्त पर दी गई विदाई

**कोरबा।** हसदेव ताप विद्युत गृह से सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को विदाई दी गई। संयंत्र से अधीक्षण अभियंता एम.एस सुरेश एवं शिवहरी सिंह टेकाम, वरिष्ठ पर्यवेक्षक जोसेफ मिंज, अनुभाग अधिकारी युवराज दास वैष्णव एवं गणपत लाल राठौर, कनिष्ठ पर्यवेक्षक घनाराम साहू, प्यारे लाल कंवर, रामपाल सिंह, अश्वमेर सिंह, अथनस तिर्की, ऋषि कुमार चंद्रा, कृष्ण कुमार कौशिक, प्रहलाद कुमार आदि सेवानिवृत्त हुए हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शहर में एक ऐसा...

समन्वयक। सभी अपने दफ्तरों तक ही सीमित हैं। स्कूलों की क्या स्थिति है इसका अंदाजा रिस्दा प्राथमिक शाला को देखकर ही लगाया जा सकता है। जब शह के स्कूल ही एक कमरे में चल रहे हैं तो गांव के स्कूलों की स्थिति ही अलग है। खनिज न्यास मद से स्कूलों की दशा सुधारने का प्रयास हर साल होता है पर यह स्कूल उस प्रयास से अछूता रहता है। इसी तरह शासन की नवा जतन योजना से शहर और ग्रामीण अंचलों के स्कूलों के जीर्णोद्धार के कार्य किए गए लेकिन रिस्दा स्कूल उससे भी अछूता रह गया। दो दिन के बारिश ने इस स्कूल में ताला लगने की स्थिति निर्मित कर दी है। शिक्षकों की मानें तो यह स्थिति बारिश में हमेशा निर्मित होती है। एक ही कमरे में पहली से पांचवीं तक की कक्षाएं चल रही है हालात यह है कि एक छोटी से बालकनी में पहली और दूसरी कक्षाएं लगती है और दूसरा कमरा जहां शिक्षक बैठते हैं वहीं तीसरी, चौथी और पांचवीं की कक्षाएं लगती है।

### वित्तीय वर्ष की...

से अधिक की वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 187 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है जो कि कंपनी के इतिहास का सर्वाधिक कोयला उत्पादन है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी को 206 मिलियन टन कोयला उत्पादन का वार्षिक लक्ष्य मिला है।

**न्यायालयः (शक्ति सिंह राजपूत)**
**प्रधान जिला न्यायाधीश जांजगीर**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
आ.क्र. 1727/24
व्य.अ.क्र.23 (अ)/2024
नटवरलाल अग्रवाल वगै........आवेदकगण
**विरूद्ध**
रविन्द्र राव भोसले वगै..........अनावेदकगण

प्रति, रविन्द्र राव भोसले आ. शंकरराव भोसले उम्र 69 वर्ष नि.- ग्राम छुरीकला, तह.-कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)

इस न्यायालय में अपीलार्थी ने विचारण न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01 जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के व्य.वाद क्र० 29A/2021 रविन्द्र राव जाधव बनाम नटवरलाल अग्रवाल वगै. में पारित निर्णय एवं आज्ञप्ति दिनांक 12/03/2024 को निरस्त किये जाने के लिए अपीलार्थी द्वारा व्य.अ.क्र. 23A/2024 अंतर्गत धारा 96 व्य.प्र.सं. के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतः उत्तरवादी क्रं. 2 रविन्द्र राव भोसले आत्मज शंकर राव भोसले को इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचना दी जाती है कि पेशी तारीख 27/07/2024 को दिनांक 10:30 बजे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता जिसे प्रकरण की पूर्ण जानकारी हो, के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें, उक्त दिनांक को उपस्थित नहीं होने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण की सुनवाई की जावेगी, जिसकी जवाबदारी आप पर होगी।

यदि किसी कारणवश दिनांक 27/07/2024 को अवकाश घोषित हो जाता है, तो उसके अगले दिवस में सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 29/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक 29/06/2024
**(शक्ति सिंह राजपूत)**
**प्रधान जिला न्यायाधीश, जांजगीर**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

# त्रिलोकी स्कूल के विद्यार्थियों ने मनाया डॉक्टर डे



डॉक्टर का सम्मान करते स्कूल के बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

त्रिलोकी पब्लिक स्कूल कटघोरा के विद्यार्थी एवं शिक्षकों के सोमवार को कटघोरा नगर के सभी चिकित्सकों के पास पहुंचकर का कार्ड भेंटकर डॉक्टर डे की बधाई दी गई। माता-पिता के बाद अगर कोई अच्छे से देखभाल करता है वह डॉक्टर है। जो हमें स्वस्थ जीवन प्रदान करता है। इसी कड़ी में कटघोरा के चिकित्सक डॉ बंगाली, डॉ पुष्पेंद्र वैश्य शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ गोभिल स्किन रोग विशेषज्ञ, डॉ कंवर हड्डी रोग विशेषज्ञ, आदि हॉस्पिटल के चिकित्सक उपस्थित थे।

## एनकेएच में मनाया गया डॉक्टर डे



एनकेएच न्यू कोरबा हॉस्पिटल में सोमवार को डॉक्टर्स-डे मनाया गया। इस मौके पर एनकेएच ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एस.चंदानी, एडीसी डायरेक्टर डॉ. वंदना चंदानी व सभी डॉक्टरों कोरबा व जमनीपाली ब्रांच ने केक काटकर सभी को विश्व चिकित्सक दिवस की बधाई दी। डॉक्टरों ने देश के महान डॉक्टर विधानचंद्र रॉय को भी याद करते हुए समाज की सेवा करने का भी संकल्प लिया गया। डायरेक्टर डॉ. एस.चंदानी ने कहा कि आज का दिन जितना डॉक्टरों के लिए महत्वपूर्ण है, उससे ज्यादा महत्व एवं चिकित्सा में सेवा का श्रेय नर्सिंग स्टाफ को जाता है जिनके अथक प्रयासों से ही कोई भी चिकित्सक किसी मरीज को स्वास्थ्य कर पाता है। डॉ. वंदना चंदानी ने कहा कि यह खास दिन समाज में डॉक्टरों के महत्वपूर्ण योगदान को याद करने के लिए है। डॉक्टर्स डे समाज में डॉक्टरों की भूमिका को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. एसएल पालीवाल, डॉ. आर पालीवाल, डॉ.अविनाश तिवारी, डॉ. अरुण तिवारी, डॉ ज्योती श्रीवास्तव, डॉ. डीएच मित्तल, डॉ. नागेंद्र बागरी, डॉ. अविनाश सिंग, डॉ सुदीप्ता साहा, डॉ. रोहित मजूमदार, डॉ.पाण्डेय, डॉ. सचिन टीआर, डॉ अमन श्रीवास्तव, डॉ. यशा मित्तल, डॉ. रिया दुबे, डॉ. आशीष, डॉ बरखा, डॉ ज्योति, डॉ.रतनदीप तिवारी, डॉ प्रवीण समेत अस्पताल के स्टाफ उपस्थित रहे।

**प्रो.नं. 129/24 प्रकरण क्रमांक 12/24**
**पेशी तारीख -29-07-2024**
**ईश्तहार/नोटिस**
**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-01 कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**
श्रीमती उषा देवी .......आवेदिका
**बनाम**
आम जनता वगैरह .......अनावेदकगण


उपरोक्त आवेदिका श्रीमती उषा देवी पति स्व. कृष्णा सिंह के द्वारा अनावेदकगण के विरूद्ध धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत मृतक राजेश कुमार सिंह पिता स्व. कृष्णा सिंह के नाम पर फेंकलिन टेम्पलेशन म्यूचवल फण्ड में जमा रकम हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त प्रकरण की सुनवाई हेतु दिनांक 29.07.2024 की तिथि नियत है।

अतः अनावेदकगण, आम जनता जिससे कोई संबंध हो, को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 29.07.2024 को 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुये की जायेगी।

नोटः- अगर उक्त दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हों, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 26/06/2024 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जानी किया गया।

**(सुश्री सीमा प्रताप चंद्रा)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप



### कृष्ण वंशी यादव समाज कल्याण समिति की बैठक संपन्न

**चैतमा।** कृष्ण वंशी यादव समाज कल्याण समिति भेलवाटिकरा सोसायटी के धर्मशाला लारीपारा में बैठक सोसायटी अध्यक्ष गणेश राम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें सोसायटी के विभिन्न विषय में चर्चा हुई। इस अवसर पर सोसायटी के विभिन्न गांवों के यादव समाज प्रमुख देनी राम, राम कुमार, राजकुमार, संत राम, शिवलाल, नोहर, मोहन लाल, मोहपाल, रामप्रसाद, छतराम, श्याम लाल, होरी लाल, कपूर विलास, रामकुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### टंकी से घर पर लगे कनेक्शन का पानी आ रहा गंदा

**हरदीबाजार।** विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरबी के अमलीपारा, झालापारा, मुख्य मार्ग व कोरबी बस्ती के ग्रामीण बिगत 15 दिनों से पीने का पानी गंदा आने से खासे परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि हास्पिटल के पास बने पानी टंकी में स्वस्छ पानी भरा जा रहा है लेकिन जहां से पानी सप्लाई के लिए वाल खोला जाता है वहां गंदा पानी भरा है जो पानी सप्लाई के साथ घरों में गंदा पानी पहुंच रहा है जो पीने लायक नहीं है, ऐसा नहीं है कि इस संबंध में ग्राम सरपंच से शिकायत नहीं की गई बार बार शिकायत करने और समस्या पर ध्यान नहीं देने से आक्रोशित ग्रामीण सरपंच के निवास पहुंचकर समस्या के त्वरित निदान की मांग करने लगे। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि विजय धनुहार ने जल्द ही समस्या का निराकरण करने की बात कही और सभी को स्वच्छ पानी देने की बात कही तब जाकर ग्रामीण अपने घर वापस लौटे। इस दौरान पंच सुरेश गोंड, सरजू निषाद, संतोषी साहू, रजनी राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### नल चबूतरा गुणवत्ताहीन, ग्रामीणों ने जताई आपत्ति



**हरदीबाजार।** विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम बोकरामुड़ा में नल जल योजना के तहत बनाये जा रहे नल चबूतरा निर्माण में भ्रस्टाचार देखने को मिल रहा है, मटेरियल बनाने में बालू ज्यादा गिट्टी कम और सीमेंट नहीं के बतौर मिलाया जा रहा है। यह मटेरियल चबूतरा बनाने के लिए पूर्ण रूप से तैयार हो चुका है, मजदूरों से पूछने पर बताये की ठेकेदार ने ऐसी मटेरियल बनाने के लिए बोले है, यह निर्माण मनमाना ढंग से कराया जा रहा है। गांव के ग्रामीणों ने सही मटेरियल से मजबूत नल चबूतरा बनाने की मांग की है ऐसे में चबूतरा नहीं टिक पायेगा। ठेकेदार निर्माण कार्य में पैसे बचाने के चक्कर में निर्माण कार्य की गुणवत्ता में समझौता कर कार्य कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सही मात्रा में सीमेंट, गिट्टी और रेत का उपयोग करें तभी यह टिक पायेगा और ग्रामीण इसका सही उपयोग कर पायेंगे अन्यथा उपयोग करने से पहले ही यह टूट कर उपयोगहीन हो जायेगा।

### छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ ने अधीक्षक अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** महासंघ कोरबा वृत्त के प्रतिनिधियों ने अधीक्षण अभियंता के नाम से सहायक अभियंता श्रीमती ममता राय, कार्यपालन अभियंता शहर संभाग एन एल पटेल तथा कोरबा ग्रामीण संभाग के कार्यपालन अभियंता बी बी नेताम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रमुख रूप से उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट विद्युत सप्लाई प्रदान करने हेतु 33 गुणा 11 केवी सबस्टेशन में व्याप्त समस्याओं एवं कर्मचारियों की मांगों एरियर्स राशि, एडिशनल वेजेस,पुनर्पदांकन व पदोन्नति प्रक्रिया का अविलंब निराकरण करने तथा वर्तमान में सबस्टेशन आपरेटरों के विगत 10 दिनों से हड़ताल में जाने पर नियमित एवं संविदा कर्मियों से बिना साप्ताहिक अवकाश दिए लगातार 12 घंटे के स्थान पर 8 घंटे कार्य लिए जाने के विषय पर सकारात्मक चर्चा की गई। इस दौरान महासंघ से नवरतन बरेठ, प्रदेश महामंत्री, अजय श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## दर्री तहसील अंतर्गत सर्वाधिक 114 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

# रातभर हुई बारिश से नदी-नालों में बाढ़, आवासीय परिसरों में घुसा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार-सोमवार की दरमियानी रात से शुरु हुई बारिश के सुबह तक लगातार होने के कारण ग्रामीण अंचलों के नदी नालों में जहां बाढ़ आ गई। वहीं शहर के कई आवासीय परिसरों में रात के समय बारिश का पानी घरों में घुसने की भी घटनाएं हुई जिससे लोगों को रात जाग कर गुजारनी पड़ी। निचली बस्तियों में दीवारें गिरने की भी

**खास बात**

- रातभर जागे चिमनीभट्ठा मोहल्लेवासी

मामले सामने आए हैं। पिछले तीन दिन से जोरदार हुई बारिश से दीवारे और छतों के छप्पर गिरने की घटनाएं शहरी और ग्रामीण अंचलों में हुई हैं।

दो दिन पूर्व तेज बारिश के कारण शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के मुख्यमार्गों में पानी भर गया था। वहीं निचली बस्तियों में पानी भरने की स्थिति निर्मित हुई। शहर के कई ऐसे निचली बस्तियां हैं जहां मानसून के पहले ही कुछ हिस्सों में पानी पहुंच गया है। वहीं मुख्यमार्गों की हालत आवागमन के लायक नहीं रही। 30 जून व 1 जुलाई के मध्य रात्रि से शुरु हुई बारिश सुबह 8 बजे तक जारी रही। लगातार बारिश के कारण नदी नालों और कुंआ का जल स्तर बढ़ जाने से जहां पानी के संकट को लेकर समस्याएं खड़ी हुई थी अब वहां स्थितियां अनुकूल हो चुकी है। बारिश के दर्ज आंकड़े यह बताते हैं कि अभी भी ग्रामीण अंचलों की तुलना में शहरी क्षेत्र में बीते दो दिन से ज्यादा बारिश हुई है। ग्रामीण अंचलों के तहसील, अजगरबहार, भैसमा, करतला, पसान व पोड़ी उपरोड़ा में सबसे कम बारिश दर्ज हुई है। शहरी क्षेत्र में बारिश का यह आंकड़ा ग्रामीण अंचलों की अपेक्षा दोगुना दर्ज किया गया है। शहरी क्षेत्र से गुजरने वाले दो बड़े नाला ढेंगुरनाला व दोंदरों नाला में पहाड़ी क्षेत्रों का पानी आने से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई थी। अजगरबहार व चुईया के बीच बहने वाले पहाड़ी नाले का पानी भी छोटी पुलिया के उपर से बह रहा था। हालांकि लोक निर्माण विभाग के द्वारा बड़े पुल का निर्माण कर दिए जाने के कारण स्थितियां आवागमन के लायक बनी रही। हालांकि एप्रोच रोड निर्माण नहीं होने की वजह से भारी वाहन मिट्टी के रोड में फंसते रहे। शहर के अलावा उपनगरीय क्षेत्रों के आवासीय परिसर में भी बारिश का पानी अंदर तक घुस गया था। नालियों का निर्माण नहीं होने से यह स्थिति हर साल निर्मित हो रही है।




बारिश के पानी से लबालब हुआ ढेंगुरनाला।

### कहां कितनी बारिश

| तहसील | वर्षा (मिमी) |
|---|---|
| कोरबा | 106 |
| अजगरबहार | 45.0 |
| भैसमा | 60.3 |
| करतला | 60.3 |
| बरपाली | 37.2 |
| कटघोरा | 85.4 |
| दीपका | 51.6 |
| दर्री | 114 |
| पाली | 111 |
| हरदीबाजार | 38 |
| पोड़ी उपरोड़ा | 40 |
| पसान | 21 |
| योग | 770.6 |

### सेक्टर 5 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में घुसा पानी



लगातार बारिश से सेक्टर 5 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बालको में इसका असर देखने को मिला है। बालको कॉलोनी और नेहरू नगर बस्ती से आने वाली मुख्य नाली है। उस नाली के ऊपर दुकान का निर्माण किया गया है। इस नाली के ऊपर हो जाने के कारण नाली बार-बार जाम हो रही है। नगर निगम द्वारा सफाई करने के बावजूद बारिश के मौसम में नाली जाम हो जाता है।

### बारिश से कोयला उत्पादन प्रभावित




पिछले दो दिन से लगातार बारिश के कारण कुसमुंडा खदान में कोयला उत्पादन प्रभावित हों रहा हैं। कुसमुंडा खदान में कोयला उत्पादन प्रभावित हुआ है खदान के फेस में कई जगह पानी जमा होने के कारण उत्पादन में दिक्कत हो रही है। लगातार बारिश की वजह से मिट्टी कटाई कार्य में परेशानी हो रही है, खदान में वर्षा के कारण मशीन से मिट्टी कटपना मुश्किल हो जाता है लगातार तीन-तीन बारिश होती रही है इससे खदानों के फेस में पानी भर गया है। बारिश के कारण खदानों में मशीनों का संचालन सावधानी से करना पड़ रहा है बारिश होने पर खदान में भारी वालों का आगमन व मशीनों का संचालन मुश्किल हो जाता है। सड़क फिसलन भरी होने की वजह से डंपर के परिचालन में काफी दिक्कत होती है दुर्घटना की आशंका रहती है। हर बार बारिश में ओपन कास्ट खदान से उत्पादन प्रभावित होता है इस बार भी बारिश से ओपन कास्ट मन क्षेत्र में कम पर असर पड़ा है।

### मुड़ापार बस्ती के घरों में घुसा पानी



घर के अंदर भी पानी, घर के बाहर भी पानी जहां देखों वहां पानी ही पानी। पहली ही बारिश ने दून के पुराने जख्म को फिर कुरेद दिया। हर साल की तरह मुड़ापार फिर जलमग्न हो गया। एक बार फिर नगर निगम के बड़े-बड़े दावे धराशायी हो गए। नालियों में भरा कचरा और सीवर की गंदगी लोगों के घरों तक पहुंच गई। घरों में बारिश का पानी घुसने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। मुड़ापार रिंग रोड पर मारुति शो रूम की वर्कशाप के यार्ड में पानी में भी जल भराव देखने को मिला। यहां यार्ड में रखे सभी सोल्ड गाड़ियों को कर्मचारियों के द्वारा बाहर निकाला गया। जहां यार्ड तालाब में तब्दील नजर आया।

## देसी शराब की बोतलों में मिले कीड़े, ग्राहकों ने किया हंगामा



शराब के बोतल में दिख रहा कीड़ा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में देसी शराब की बोतल में कीड़े मिल रहे हैं। सोमवार को रामपुर देसी शराब दुकान में एक नहीं बल्कि कई बोतलों में कीड़े पाए गए जिसे लेकर ग्राहकों ने शराब दुकान के बाहर हंगामा शुरू कर दिया। शराब की बोतलों के ढक्कन भी पहले से खुले हुए मिले। लोगों का कहना है कि यहां मिलावटी शराब बेची जा रही है। अमरैया पारा निवासी रामेश्वर कुमार ने बताया कि वह काम करने जा रहा था। इस दौरान वह रामपुर स्थित देसी शराब दुकान से देसी शराब लिया। शराब लेने के बाद कुछ दूरी पर उसे बोतल के अंदर कीड़ा नजर आया। जिसे देखकर वह हैरान रह गया। इसके शिकायत उसने देसी शराब दुकान के मैनेजर से की। लोगों ने कहा कि जब उन्होंने सेल्समैन को कीड़ा मिलने और बोतल का ढक्कन खुला होने की जानकारी दी तो कहा गया कि हम कुछ नहीं कर सकते। सरकार पैक करवा कर भेजती है, जिसे हम बेचते हैं। एक शख्स ने देसी शराब दुकान परिसर में बड़ी संख्या में पड़े ढक्कन को दिखाते हुए बताया कि बोतल के ऊपर यह ढक्कन सिर्फ रख दी जाती है। इसकी सील टूटी होती है। हमे संदेह है कि मिलावटी शराब बेची जा रही है। शराब में कीड़े और मिलावट का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी हरदी बाजार, अमरेली समेत अन्य कई देसी और अंग्रेजी शराब दुकान में मामले आ चुके हैं। जिसे लेकर संबंधित विभाग ने कार्रवाई भी की थी।

## सब स्टेशन निर्माण से बिजली समस्या से मिलेगी निजात : प्रेमचंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कटघोरा क्षेत्र के लिए 33/11 के.व्ही. विद्युत सब स्टेशन निर्माण के लिए विधिवत भूमिपूजन किया। विभागीय अधिकारी अधीक्षण अभियंता पी. एल.सिदार उपस्थित रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका के अध्यक्ष रतन मित्तल, प्रोजेक्ट के कार्यपालन यांत्रिकी अभिमन्यु कश्यप, कटघोरा कार्यपालन यांत्रिकी गढेवाल की मुख्य उपस्थिति में एवं नगरपालिका के उपाध्यक्ष बजरंग लाल पटेल, पार्षद आत्मा नारायण पटेल, सतीश जायसवाल, ओम प्रकाश डिकसेना, जिला मंत्री संजय शर्मा, रघुराज उईके, जितेंद्र जोशी, संजीत सिंह उपस्थित रहे। 2 करोड़ की लागत से निर्माण होने वाले सब स्टेशन के निर्माण से कटघोरा क्षेत्र के 10 गांव व 7 वार्डो को विधुत आपूर्ति की जावेगी। जिससे बिजली समस्याओं से प्रभावित क्षेत्र वासियों को परेशान नही होना पड़ेगा। ज्ञात हो कि यह कार्य मेसर्स. कव्वाल इलेक्ट्रिकल के द्वारा कराया जाएगा जिससे जल्द जल्द पूर्ण कराकर कटघोरावासियों को बड़ी सौगात के रूप में दिया जावेगा।



विधायक का स्वागत करते अधिकारी।

# जमीन का सीमांकन नहीं होने की समस्या लेकर कलेक्टर से फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मुख्यालय से लगभग 65 किमी दूर श्यांग तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम मदनपुर में जमीन का सीमांकन नहीं होने जैसी छोटी समस्या को लेकर ग्रामीण जनदर्शन में कलेक्टर से मिलने फरियाद करने पहुंच गए। उनकी माने तो लगातार पटवारी आरआई और तहसीलदार के चक्कर काटने के बाद सीमांकन करने के लिए केवल आश्वासन दिया जा रहा है।

राजस्व न्यायालयों में सीमांकन फौती बटवारा, नामांतरण जैसे प्रकरणों के लंबित रहने पर उनके निराकरण के त्वरित निर्देश दिए जा रहे हैं उसके बावजूद राजस्व अमला ग्रामीण अंचलों के दूर दराज के क्षेत्रों में ग्रामीणों के आवेदन देने के बाद भी उनके निराकरण के लिए नहीं पहुंच रहा है। सीमांकन जैसे छोटा सा मामला जिसका निराकरण तहसीलदार के न्यायालय में ही किया जा सकता है लेकिन ऐसे छोटे मामले भी जिला मुख्यालय में कलेक्टर के पास जनदर्शन में पहुंच रहे हैं। इससे यह जाहिर होता है कि कहीं न कहीं तहसील में बैठे अफसर उदासीनता बरत रहे हैं। नहीं तो सीमांकन जैसी छोटी सी समस्या लेकर कलेक्टर के पास फरियाद करने ग्रामीण नहीं पहुंचते। मदनपुर ग्राम के ग्रामीण और एक पूरा परिवार अपने जमीन को लेकर पिछले एक माह से परेशानी झेल रहे हैं। परिवार में 22 सदस्य हैं और सभी का नाम जमीन के खाते में दर्ज है, किंतु कुछ हिस्सों में गांव के दबंग लोगों ने कब्जा करना शुरु कर दिया है। लगातार तहसील के राजस्व अधिकारियों से फरियाद करने बाद जब राजस्व अमला सीमांकन के लिए विवाद निपटारे हेतु नहीं पहुंचा तो मजबूरन भरी बरसात में 65 किमी से दूर एक पूरा परिवार और ग्रामीण जिलाधीश के दरबार में पहुंच गये।



कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण।

### बारिश में प्रतिबंद की जानकारी

15 जून से 15 अक्टूबर तक मानसून का सीजन होने के कारण ग्रामीण अंचलों में खेतों में फसल लगाए जाने की वजह से सीमांकन पर रोक लगाई जाती है। राजस्व अमले से यह जानकारी भी सामने आई है कि मानसून के दौर में खेती की जमीन पर सीमांकन किए जाने पर सरकारी निर्देश के तहत रोक लगी रहती है जिसकी वजह से सीमांकन का काम विशेष स्थिति में ही किया जाता है।

### कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी समस्याएं

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज जन चौपाल में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रकरण अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में लोगों ने अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन दिया। जनचौपाल में कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर जनचौपाल में हरदीबाजार के ग्रामीणों ने क्षेत्र में सिटी बस संचालन की मांग की। जनचौपाल में अतिक्रमण हटाने, आंगनबाड़ी केंद्र संचालित करने, बैंक से लोन, सीमांकन कराने तथा छात्रावास में एडमिशन कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर अजीत वसंत ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निर्देशित किया है कि आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार कार्यवाही समय सीमा सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनचौपाल में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि आवेदक को दोबारा जनचौपाल में ना आना पड़े।

## 33 केवी का पोल धराशाई, 50 गांवों में छाया रहा अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले 24 घंटे से जिले के कई इलाकों में लगातार बारिश हो रही है जिसके चलते जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर एक गांव के समीप 33 केवी की तीन विद्युत पोल धराशाही हो गए थे जिसके चलते दो सब स्टेशन में

**खास बात**

- ग्रामीण क्षेत्र के उमरेली के समीप 33 केवी की तीन पोल हो गई थी ध्वस्त

विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी और लगभग 50 से अधिक गांव में अंधेरा छा गया था। दूसरे दिन देर शाम को इलाके में विद्युत व्यवस्था तो बहाल कर लिया गया लेकिन अभी भी कई इलाकों में अंधेरा छाया हुआ है।

मामला कोरबा ग्रामीण क्षेत्र के सोहागपुर व तुमान सब स्टेशन की है। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिले जांजगीर-चांपा से इस इलाकों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। बताया जाता है कि रविवार की शाम लगातार हो रही तेज बारिश व आंधी के चलते ग्राम उमरेली के समीप 33 केवी की तीन पोल धराशाही हो गए थे। जिसके चलते सोहागपुर सब स्टेशन व तुमान सब स्टेशन में विद्युत आपूर्ति ध्वस्त हो गई थी। जिसके चलते इन दोनों सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले 50 से अधिक गांव में अंधेरा छा गया था। विद्युत वितरण विभाग के अधिकारियों को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने क्षेत्र में पेट्रोलिंग शुरू की। तब उन्होंने पाया कि उमरेली के समीप तीन पोल धराशाई हो गए थे।



धराशाई पोल।

### ठेका कर्मियों की हड़ताल हुई समाप्त

जिले में 50 से अधिक सब स्टेशन हैं। जिन सब स्टेशन का संचालन विद्युत विभाग द्वारा जेबीएस नामक ठेका कंपनी को दिया गया है। जेबीएस ठेका कंपनी के अधीन लगभग 200 से अधिक ठेका कर्मी सब स्टेशन में चार अलग-अलग पालियों में ड्यूटी करते हैं। इन सभी ठेका कर्मियों को जेबीएस नामक ठेका कंपनी द्वारा 2 महीने का ना ही वेतन दिया गया है और ना ही 6 महीने का बोनस दिया गया है। ठेका कर्मी लगातार अपने वेतन के लिए ठेकेदार व अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं ताकि उनका घर परिवार चल सके लेकिन गुहार लगाने के बाद भी उनका वेतन नहीं मिल पा रहा है। जिसे लेकर 22 जून से सभी ठेका श्रमिक हड़ताल पर थे। 9 दिनों बाद आखिरकार ठेका कर्मियों की हड़ताल समाप्त हो गई है। अधीक्षण यंत्री पीएल सिदार की पहल पर ये हड़ताल समाप्त हुआ है। विद्युत वितरण विभाग के अफसरों ने विभागीय रुप से वेतन आहरण की स्वीकृति प्राप्त कर ली है जहां अप्रैल महीने का भुगतान जल्द किया जाएगा तो वहीं मई महीने का भुगतान भी जल्द करने का आश्वासन दिया गया है।

## नोनबिर्रा में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक प्रेमचंद पटेल व तुलेश्वर मरकाम

# शिक्षा हमारे जीवन की सबसे बड़ी धरोहर: लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासन की मंशा है कि सभी विद्यार्थी शिक्षा अर्जन कर बेहतर नागरिक बनें। शिक्षा हमारे जीवन की सबसे बड़ी धरोहर है, जिसका बंटवारा नहीं किया जा सकता। शिक्षा से ही देश की प्रगति होती है। घर का एक व्यक्ति शिक्षित होने पर परिवार जागरूक और शिक्षित होता है।

उक्त बातें वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने सोमवार को पाली विकासखंड के ग्राम नोनबिर्रा में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने बच्चों को देश का बेहतर नागरिक बनने और प्रतिदिन स्कूल आकर पढ़ाई करने का आव्हान किया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अपने बच्चों को स्कूल भेजने तथा बच्चों की पढ़ाई लिखाई में स्वयं रूचि लेते हुए बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अधिक से अधिक प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि माता-पिता को अपने बच्चों को पढ़ाई-लिखाई के लिए प्रेरित करना चाहिए एवं शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने देना चाहिए। उन्होंने बालक एवं बालिकाओं को शाला में लाने एवं शाला में निरंतर बनाये रखने में सहयोग प्रदान करने की अपील ग्रामीणों से की। शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक होता है तथा बेहतर नागरिक बन पाता है। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार तुलेश्वर सिंह मरकाम ने कहा कि शासन द्वारा बच्चों को स्कूल पहुंचने में सुविधा व अपनी पढ़ाई भली-भांति पूरी कर सकें इसके लिए रूचिकर मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क किताबें, गणवेश वितरण, निःशुल्क साइकिल आदि तरीकों से बच्चों की रूचि बढ़ाने व जरूरतमंद पालकों को राहत देने का इंतजाम भी किया जाता है। शाला प्रवेश उत्सव अभियान के जरिये इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि दाखिला लेने वाले बच्चों की पढ़ाई बीच में न छुटे तथा एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। विधायक श्री पटेल ने विद्यार्थियों के लिए परिवार को प्रथम पाठशाला बताते हुए अभिभावकों को अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन अपनी प्रतिभा को निखारने का और आगे बढ़ने का समय होता है। उन्होंने सिर्फ नौकरी ही नहीं हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा को महत्व देने की अपील की। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का अवसर नए सपनों को लेकर आता है। उन्होंने अच्छे नागरिक के निर्माण के लिए शिक्षा को आवश्यक बताया। इसके साथ ही बच्चों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों की भी बड़ी जिम्मेदारी होने की बात कही। नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर व मिष्ठान खिलाकर शाला में प्रवेश दिया गया। नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क गणवेश, स्कूल बैग, पाठ्य पुस्तक व अन्य अध्ययन सामग्री वितरित की गई।




कार्यक्रम को संबोधित करते उद्योग मंत्री लखन देवांगन।

### मछली पकड़ने गया ग्रामीण नदी में डूबा

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरी निवासी शंकरलाल कंवर सोमवार की सुबह लगभग 9 बजे नदी में मछली पकडऩे गया था। वह जाल लगाने के बाद कुछ देर नदी किनारे विश्राम करने के बाद जब जाल निकालने गया तो तेज बहाव आ गया जिससे वह लापता हो गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780